तापमान
अधिकतम 45 .8 डिग्री
न्यूनतम 23 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 22 मई 2026

12 जनगणना में 'लापरवाही बर्दाश्त नहीं', लेकिन ..



12 अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा



## खबर संक्षेप



### थानेसरः जंगल में लगी आग पर पाया काबू

**थानेसर।** दबखेड़ी व बलाही के समीप जंगल में आग लग गई। आग लगने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फोरेस्ट अधिकारियों को दी। इसके बाद फोरेस्ट अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। फोरेस्ट कर्मचारियों व ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया। कर्मचारी जिले सिंह ने बताया कि आग थोड़ी ही लगी थी जिस पर काबू पा लिया गया है।

### केयू ने घोषित किए 13 परीक्षाओं के परिणाम

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा 13 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसंबर 2025 में आयोजित बीएससी (शारीरिक शिक्षा), बीए 5वां सेमेस्टर (एनईपी) (रिअपीयर), बीवोक (टीटीएम) 5वां सेमेस्टर ( रिअपीयर), बीवोक (टीटीएम) 6वां सेमेस्टर (रिअपीयर), बीएससी (जीवन विज्ञान) 5वां सेमेस्टर (रिअपीयर), बीए (ऑनर्स) प्रथम सेमेस्टर, भौतिकी प्रमुख विषय सहित बीएससी प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर), एमएससी (भूगोल) प्रथम सेमेस्टर (नवीन), एमएससी (भूगोल) प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर), बीकॉम ऑफिस मैनेजमेंट एवं सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस तृतीय सेमेस्टर, बीए./बीएससी. तृतीय सेमेस्टर (एनईपी) (रिअपीयर), एमएससी (रसायन विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए हैं।

### बस का इंतजार कर रहे युवक की जेब से रुपये चोरी

**यमुनानगर।** यमुनानगर बस स्टैंड पर गांव संखेड़ा निवासी जरनैल सिंह की जेब से 20 हजार रुपये चोरी हो गए। वह बस का इंतजार कर रहा था, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने वारदात को अंजाम दिया। पैसे गायब होने पर उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 97 लाख रुपये

**यमुनानगर।** यमुनानगर में विदेश भेजने के नाम पर 97 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गांव पीरुवाला निवासी सुपिंदर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने रजनी डांग और कमरियाब उर्फ टिंकू खान के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि नौकरी और विदेश भेजने का झांसा देकर 2016 से 2024 के बीच उनसे पैसे लिए गए, लेकिन विदेश नहीं भेजा गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत में नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने नशा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बरसत रोड गंदा नाला पुलिया पर नशा तस्कर मोहम्मद इमरान पुत्र शान मोहम्मद निवासी नूरवाला, पानीपत को 504 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार विजय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया है। जबकि आरोपी को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि इसके साथियों को पकड़ा जा सके।

### कुरुक्षेत्रः भाखड़ा नहर से शव बरामद

कुरुक्षेत्र। भाखड़ा नहर में दबखेड़ी पुल के समीप एक शव पानी के उपर तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गोतखोर प्रगट सिंह को दी। गोताखोर प्रगट सिंह ने ज्योतिसर पुलिस को मौके पर बुलाया और शव को नहर से बाहर निकाला। मृतक की पहचान बलकार सिंह जिला पटियाला, पंजाब के रुप में हुई है।

---

अंबाला में मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

# आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक बनेगा राष्ट्रभक्ति और बलिदान का प्रेरणास्थल

**नई पीढ़ी को देशभक्ति, त्याग और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देगा शहीद स्मारक**

- पर्यटकों और शोधकर्ताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा
- आधुनिक तकनीक, ऐतिहासिक तथ्यों और भव्य वास्तुकला का अद्भुत संगम होगा स्मारक
- 1857 की क्रांति पर आधारित देश का अपनी तरह का पहला स्मारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** शहीदी स्मारक अवलोकन करते सीएम नायब सैनी व मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंबाला छावनी में निर्माणाधीन आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक देशभक्ति, शौर्य और बलिदान का अद्भुत प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा को समर्पित यह स्मारक न केवल ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करेगा, बल्कि नई पीढ़ी विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा का सशक्त केंद्र भी बनेगा। मुख्यमंत्री वीरवार को स्मारक के निर्माण कार्यों का अवलोकन करने पहुंचे थे।मुख्यमंत्री ने स्मारक परिसर का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, ऐतिहासिक प्रस्तुति और आधुनिक तकनीक के समावेश की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह स्मारक देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है और इस स्मारक के माध्यम से युवाओं को देशभक्ति, त्याग और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा वीरों और बलिदानियों की भूमि रही है तथा प्रदेश सरकार स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनायकों की स्मृतियों को संरक्षित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक आधुनिक तकनीक, ऐतिहासिक तथ्यों और भव्य वास्तुकला का अद्भुत संगम होगा, जो देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और शोधकर्ताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मारक के प्रत्येक भाग में ऐतिहासिक तथ्यों की प्रमाणिकता और प्रस्तुति की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि यहां आने वाले लोगों को स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास का वास्तविक अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि यह स्मारक केवल एक भवन नहीं बल्कि राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति की भावना को जीवंत रखने वाला केंद्र होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृतकाल के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए देशभर में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। यह शहीद स्मारक उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। उन्होंने इस परियोजना के लिए अनिल विज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके विशेष मार्गदर्शन और रुचि के कारण यह स्मारक भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप ले रहा है। ऊर्जा मंत्री अनिल ने मुख्यमंत्री को स्मारक से जुड़ी व्यवस्थाओं, तकनीकी प्रबंधों और निर्माण कार्यों की जानकारी दी। 1857 की क्रांति पर आधारित यह देश का अपनी तरह का पहला स्मारक है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम की वीर गाथाओं, युद्धों और बलिदानों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। स्मारक में गुमनाम क्रांतिकारियों के संघर्ष को भी विशेष रूप से दर्शाया गया है।

---

लाडवा के जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सुनी 338 शिकायतें
कई मामलों में मौके पर दी कार्रवाई के निर्देश

# आमजन को चक्कर कटवाने वाले अफसर व कर्मी बख्शे नहीं जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



**लाडवा।** लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगवाने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के विकास के साथ हर नागरिक की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। मुख्यमंत्री वीरवार को लाडवा के शिवाला रामकुंडी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कुल 338 शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव बकाली के एक शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ लोगों ने बिजली विभाग के एसडीओ से मिलकर उसके खेत के रास्ते में ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभे लगवा दिए, जिससे रास्ता बाधित हो गया। शिकायतकर्ता ने जान से मारने की धमकियां मिलने की बात भी कही। इस पर मुख्यमंत्री ने एसडीएम लाडवा को मामले की जांच करने और दोषी एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस को धमकी देने वालों पर केस दर्ज करने के आदेश भी दिए। धनौरा जाटान निवासी जसबीर सिंह की शिकायत पर शिक्षा विभाग को स्कूल की फिजिबिलिटी जांचकर उसे अपग्रेड करने के निर्देश दिए गए। वहीं नरेश पाल की शिकायत पर मार्केटिंग बोर्ड को खिड़की विरान से रुड़की गांव तक का रास्ता बरसात से पहले तैयार करने को कहा गया। सीएम ने कहा कि 11.5 वर्षों में लाडवा में 807 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं।

**74 अनाउंसमेंट में से 38 का काम हो चुका पूरा**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडवा क्षेत्र में पिछले साढ़े 11 वर्षों में 74 सीएम घोषणाएं की गईं, जिनमें से 38 पूरी हो चुकी हैं और बाकी पर काम जारी है। उन्होंने बताया कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र में 807 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए, जबकि कांग्रेस शासनकाल में 310 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में 26 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज लाइन भी बिछाई गई है।

---

# हाथी पुनर्वास केंद्र से लोहे की जाली व एंगल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव कोट बसावा सिंह स्थित बनसंतोर हाथी पुनर्वास के अंदर से चोरों ने लोहे की जाली व एंगल चोरी कर लिए। जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार वन्य जीव रक्षक हाथी पुनर्वास केंद्र बनसंतोर के इंचार्ज प्रदीप ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि चौधरी सुरेंद्र सिंह हाथी पुनर्वास केंद्र में हाथियों का पालन पोषण किया जाता है। हाथियों को रोकने के लिए जंगल में एंगल में लोहे की जाली लगाई हुई है। चोरों ने 17 मई की रात को पुनर्वास के अंदर से लोहे के 30 एंगल व 300 वर्ग फीट लोहे की जाली चोरी कर ली। जब वह पुनर्वास के अंदर पहुंचे तो उन्हें एंगल व जाली गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**स्टील की रेलिंग चोरी**

राजेश कॉलोनी जगाधरी निवासी किशन कुमार ने बताया कि जगाधरी के मटका चौक पर राष्ट्रीय ध्वज के चारों तरफ स्टील की रेलिंग लगी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**गुरुद्वारा से टोटियां चोरी**

शहर के मॉडल टाउन निवासी अमरीक सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने 19 मई की रात को शहर के मॉडल टाउन स्थित जब्बी वाला गुरुद्वारा से टुंटियां चोरी कर ली। जिनकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है।

### पानीपत में करीब दो तोले सोने की चेन झपट ली

**पानीपत।** पानीपत के गांव निजामपुर में 72 वर्षीय दुकानदार कलावती से दो अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े करीब दो तोले सोने की चेन झपट ली। दोनों आरोपी बिना नंबर प्लेट की बाइक पर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**यमुनानगर।** प्रताप नगर थाना क्षेत्र के गांव मेघुवाला के नजदीक बाइक की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बनियावाला निवासी यामीन ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि बुधवार को दोपहर 12 बजे उसका भतीजा आरिफ किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव मेघुवाला के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार से बाइक लेकर आ रहे कृष्ण लाल ने उसके भतीजे आरिफ को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। अस्पताल में इलाज के दौरान आरिफ की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक कृष्ण लाल के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

क्लर्कों के प्रमोशन और इंक्रीमेंट पर बड़ा फैसला

# अब प्रमोशन के बाद दोबारा नहीं मिलेगा इंक्रीमेंट का दोहरा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा वित्त विभाग ने सरकारी विभागों में कार्यरत क्लर्कों के प्रमोशन और इंक्रीमेंट को लेकर चल रहे असमंजस को दूर कर दिया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी क्लर्क को विशेष नियमों के तहत पहले ही अतिरिक्त इंक्रीमेंट का लाभ मिल चुका है, तो प्रमोशन के बाद उसे दोबारा इंक्रीमेंट का लाभ नहीं दिया जाएगा।वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और मंडलायुक्तों को इस संबंध में स्पष्टीकरण पत्र जारी किया गया है।विभाग ने बताया कि 8 फरवरी 2024 को जारी संशोधित पे-स्ट्रक्चर के तहत एसइटीसी परीक्षा पास करने और प्रोबेशन पूरा करने पर 8 साल तक सेवा के लिए अतिरिक्त इंक्रीमेंट का प्रावधान किया गया था। साथ ही 27 साल की सेवा पूरी करने वाले क्लर्कों को भी एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट दिया गया था, बशर्ते उनका प्रमोशन न हुआ हो।इसके बाद विभागों में यह भ्रम पैदा हो गया था कि क्या ऐसे क्लर्कों को प्रमोशन के समय फिर से इंक्रीमेंट का लाभ मिलेगा या नहीं। इसी स्थिति को स्पष्ट करते हुए सरकार ने नियमों की व्याख्या की है।

**दो बड़े नियम**

**केस नंबर 1** यदि किसी क्लर्क ने 27 साल की सेवा पूरी करने पर 8 फरवरी 2024 के नियमों के तहत अतिरिक्त इंक्रीमेंट का लाभ ले लिया है, तो प्रमोशन के बाद उसे दोबारा वर्टिकल सेल इंक्रीमेंट नहीं मिलेगा। उसे केवल प्रमोशनल पे-लेवल के अनुसार संबंधित सेल में रखा जाएगा।

**केस नंबर 2** यदि किसी कर्मचारी को फर्स्ट एसीपी मिलने के बाद 8 साल की नियमित संतोषजनक सेवा से पहले ही अगले ऊंचे पद पर प्रमोट कर दिया जाता है। वित्त विभाग ने साफ किया कि एचसीएस एसीपी रूल्स 2016 के रूल 7 के तहत 8 साल के भीतर दो वित्तीय अपग्रेडेशन नहीं दिए जा सकते। इसलिए प्रमोशन के समय कोई अतिरिक्त प्रमोशनल इंक्रीमेंट देय नहीं होगा। केवल प्रमोशनल पे-लेवल के बराबर वाले सेल में ही प्लेसमेंट मिलेगा।

**केस नंबर 3** प्रोबेशन पूरा करने और एसइटीसी परीक्षा पास करने पर मिलने वाले अगले वर्टिकल सेल इंक्रीमेंट को पे-फिक्सेशन के लिए स्वतंत्र माना जाएगा। वित्त विभाग के अकाउंट्स ऑफिसर पीआर के हस्ताक्षर से जारी इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह कदम नियमों में एकरूपता लाने और वित्तीय विसंगतियों को रोकने के लिए उठाया गया है ताकि एक ही सेवा अवधि के दौरान किसी भी कर्मचारी को दोहरे वित्तीय लाभ का अनुचित फायदा न मिले।

---

अन्य गतिविधियों के टिकट अभी केंद्र पर मिलेंगे

# अब कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में ऑनलाइन टिकट सुविधा शुरू, लंबी कतारों से मिलेगी राहत



- मोबाइल और कंप्यूटर से पहले ही बुक कर सकेंगे प्रवेश टिकट
- छुट्टियों और वीकेंड पर होती है भारी भीड़
- डिजिटल टिकटिंग से समय की बचत और व्यवस्था होगी अधिक सुचारु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में ऑनलाइन एंट्री टिकट बुकिंग सुविधा शुरू कर दी गई है। अब दर्शक विज्ञान केंद्र आने से पहले ही अपने मोबाइल फोन या कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे प्रवेश टिकट ऑनलाइन बुक कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था के लागू होने से आगंतुकों को टिकट काउंटर पर लंबी कतारों में खड़े होने से राहत मिलेगी। खासतौर पर छुट्टियों, सप्ताहांत और भीड़भाड़ वाले दिनों में यह सुविधा लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। ऑनलाइन टिकट बुक करने के बाद आगंतुक सीधे विज्ञान केंद्र पहुंचकर अपने भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि टिकट लेने की प्रक्रिया भी पहले की तुलना में अधिक सरल और व्यवस्थित हो जाएगी। विज्ञान केंद्र प्रशासन का मानना है कि डिजिटल माध्यम से टिकटिंग व्यवस्था लागू होने से आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। केंद्र प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि यह पहल दर्शकों को तेज, सरल और सुविधाजनक सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा शुरू होने से टिकट वितरण प्रक्रिया अधिक सुचारु बनेगी और आगंतुकों का अनुभव पहले से बेहतर होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल केवल प्रवेश टिकट की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा ही प्रारंभ की गई है। विज्ञान केंद्र में आयोजित अन्य विशेष गतिविधियों और सुविधाओं के टिकट पहले की तरह केंद्र परिसर में ही उपलब्ध रहेंगे। विज्ञान केंद्र प्रशासन ने विद्यार्थियों, पर्यटकों और विज्ञान प्रेमियों से इस नई सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है, ताकि उनका भ्रमण अनुभव सहज, सुविधाजनक और सुखद बन सके।

---

# ग्रामीणों की ओवरब्रिज को पिलर आधारित बनाने की मांग



**पानीपत।** पंचायत विकास मंत्री को ज्ञापन देते हुए नौल्था के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के गांव नौल्था में हाइवे पर प्रस्तावित ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर नौल्था की पंचायत व कमेटी वीरवार को प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से मिली। पंचायत व कमेटी सदस्यों ने केबिनेट मंत्री पंवार को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि नौल्था में हाइवे पर सरकार ने सन्नी फैक्ट्री से ले कर गोशाला तक ओवर ब्रिज प्रस्तावित है जिसका निर्माण होने जा रहा है। नौल्था के दुकानदार व ग्रामीण चाहते है कि जो भी ओवर ब्रिज बन रहा है वो पिलरों वाला होना चाहिए। पिलरों की वजह से ओवर ब्रिज के नीचे पार्किंग के साथ रेहड़ी व खोमचे वालों को स्थान मिल सकें। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पंचायत व कमेटी सदस्यों को भरोसा दिलाया कि वे निर्माण एजेंसी से बात करेंगे। चौबीसी प्रधान तेजबीर जागलान, नौल्था के सरपंच बलराज जागलान, नौल्था डूंगरान सरपंच प्रतिनिधि नीरज कौशिक, कमेटी प्रधान राजकुमार, समुंदर सिंह जागलान आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को बाल विवाह व पोक्सो एक्ट पर किया जागरूक



**यमुनानगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ.दयानंद भारद्वाज के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जठलाना में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर की सचिव सुमित्रा कादियान, पुनीत कुमार पैनल अधिवक्ता व पीएलवाई यश गुप्ता के द्वारा विद्यार्थियों को बाल विवाह, अंतर्राष्टीय मजदूर दिवस, राष्टीय प्रौद्योगिकी दिवस, विश्व तंबाकू निषेध दिवस, पोक्सो कानून, शिक्षा का अधिकार नालसा की स्कीमों पर जानकारी दी गई।

### लिंगानुपात पर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक



**यमुनानगर।** बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान के तहत एसडीएम कार्यालय छछरौली में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम छछरौली रोहित कुमार ने की। बैठक में अधिकारियों को कम लिंगानुपात वाले गांवों में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों के शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने खंड के सभी गांव के लिंग अनुपात पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में लिंग अनुपात सही होना अति आवश्यक है। इसके लिए गांव के परिवारों व विशेष कर महिलाओं का जागरूक होना बहुत जरूरी है। लड़कियों को सशक्त बनाने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा व शिक्षा सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है।

### हिंदू कन्या कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र के दाखिले शुरू

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय छात्राओं की पहली पसंद बनकर उभर रहा है। जैसे ही नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हुईए छात्राओं में दाखिले को लेकर उत्साह देखा गया। कालेज में बीए, बीएससी, बीकॉम और बीसीए जैसे प्रमुख स्नातक प्रोग्राम्स में नामांकन चल रहा है। रजिस्ट्रेशन करवाने लेने के लिए छात्राएं कॉलेज पहुंच रही हैं और कई छात्राओं ने पहले ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस वर्ष भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण की बदौलत महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात चोरी, केस दर्ज

**जींद।** ईस्माइलपुर में बीती रात चोरो ने मकान का ताला तोड कर जेवरात व नकदी को चोरी कर लिया। इस्माइलपुर निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत बैठक में सोया हुआ था। पीछे से चोर मकान के कमरे का ताला तोड़ कर अंदर घुस गए और सोना व चांदी के जेवरात, पांच हजार रुपये की नकदी को चोरी कर लिया।

### तीन जोन में बांटा गया शहर में नालों की सफाई का काम

# मानसून से पहले निगम आयुक्त ने नालों की सफाई का किया निरीक्षण

चांदपुर बाइपास व विश्वकर्मा चौक के पास नालों की सफाई का जायजा लिया, जेसीबी की मदद की बड़े नाले की सफाई की जा रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** नालों की सफाई का निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद। *फोटो : हरिभूमि*

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने नालों की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने मानसून से पहले सभी बड़े व छोटे नाले गहराई तक साफ किए जाने के निर्देश दिए। नालों को साफ करने के दौरान निकली गाद व गंदगी का उठान करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने नालों की सफाई में लगी एजेंसियों के पदाधिकारियों व निगम अधिकारियों को चेतावनी दी कि नालों की सफाई में किसी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह व एजेंसी के पदाधिकारियों के साथ चांदपुर बाईपास व विश्वकर्मा चौक के पास नालों की सफाई का जायजा लिया। यहां एजेंसी द्वारा जेसीबी और कर्मचारियों की मदद से बड़े नाले की सफाई की जा रही थी। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अधिकारियों को मानसून से पहले सभी नालों की सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त व टूटे नालों की तुरंत मरम्मत कराई जाए। इसके अलावा बारिश के दौरान शहर में जिन स्थानों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। उन्हें चिन्हित कर समस्या का स्थाई समाधान निकाले। नालों में जमा सिल्ट, कचरा और अन्य अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को सुचारू बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर नालों पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण हैं। वहां नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाया जाए ताकि शहर में जलभराव की समस्या जड़ से खत्म हो सके। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने आमजन से अपील की है कि वे नालों व नालियों में कचरा न डाले। इससे नाले अवरुद्ध हो जाते है। जिससे आमजन को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

#### जोन एक में वार्ड एक से आठ तक शामिल

सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया ने बताया कि नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर नालों की सफाई के लिए तीन जोन बनाए गए है। जोन एक में वार्ड एक से आठ तक, जोन दो में वार्ड नौ से 14 तक और जोन तीन में वार्ड 15 से 22 तक के नाले शामिल किए गए है। एक एजेंसी को जोन एक व तीन और दूसरी एजेंसी को जोन दो व शहर के तीन बड़े नालों की सफाई का टेंडर अलॉट किया गया है। बड़े नालों में जगाधरी से सेक्टर 17, प्रोफेसर कॉलोनी, मॉडल टाउन से होते हुए लाजपत नगर, विश्वकर्मा चौक से होकर डिच ड्रेन में जा रहा बड़ा नाला, जोडियो वाला नाला व एक अन्य नाला शामिल है।

## ब्लॉकेज निवारण के लिए हर रोज करें सीवरेज सफाई: डीसी



**यमुनानगर।** अधिकारियों की बैठक लेती जिला उपायुक्त।

- नालियों के पानी को सीवरेज के साथ जोड़ने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला उपायुक्त प्रीति ने वीरवर को शहर की विभिन्न कॉलोनियों के पानी की समुचित निकासी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान यमुना नहर में प्रदूषण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को प्रदूषण नियंत्रण हेतु आवश्यक कदम उठाने तथा उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने नगर निगम, पब्लिक हेल्थ व पंचायती राज के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालियों के पानी को सीवरेज के साथ जोड़े ताकि पानी खुले में न बहे और आने वाले मानसून से पहले इस समस्या का निराकरण किया जा सके। उन्होंने सीवरेज की सफाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए ताकि उनमें ब्लॉकेज की समस्या न आए। उपायुक्त ने पुराना हमीदा, आजाद नगर व शांति कॉलोनियों के पानी की समुचित निकासी और उचित प्रबंध को प्राथमिकता देते हुए कहा कि जनता को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि उद्योगों और कॉलोनियों के पानी को आईपीएस के माध्यम से एसटीपी तक भेजा जाए। उन्होंने कहा बरसात से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। मौके पर एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, डीएसपी कवलजीत सिंह, प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप सिंह, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, पब्लिक हेल्थ जगाधरी के कार्यकारी अभियंता सौरभ आदि मौजूद थे।

## स्वराज स्कूल में दीक्षांत समारोह में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समा

- कार्यक्रम में जूनियर बैच को सौंपी सफलता की मशाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर




**रादौर।** कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में वीरवार को कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान डायरेक्टर शशि बाटला, मैनेजर अनिल बुद्धिराजा, प्रिंसिपल ज्योति नागपाल सेठी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। जिसके बाद छात्रों द्वारा दी गई प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में माता-पिता भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे, जिन्होंने अपने बहुमूल्य अनुभव और आशीर्वाद सांझा किए। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भाषणों व अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से साल भर छात्रों की शैक्षणिक, सह-पाठ्यचर्या और खेलकूद की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। सफलता की मशाल औपचारिक रूप से जूनियर बैच को सौंपी गई, जो जिम्मेदारी व निरंतरता का प्रतीक है। छात्रों के इस सफर को दर्शाने वाले एक विशेष वीडियो ने वहां मौजूद हर व्यक्ति को पुरानी यादों में डुबो दिया और गर्व महसूस करवाया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और दिल से दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। यह समारोह वास्तव में बच्चों के विकास, उनकी खट्टी-मीठी यादों और नई शुरुआत का एक शानदार उत्सव रहा।

### पीर की मजार पर चादर चढ़ाकर मांगी मन्नत

**रादौर।** बापौली रोड पर स्थित जांडी वाले पीर की मजार पर वीरवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने पीर की मजार पर चादर चढ़ाकर सभी के स्वस्थ जीवन, अच्छी फसल, अच्छा व्यापार व सुख शांति की कामना की। भगत मंगतराम ने बताया कि जांडीवाले पीर की मजार को लेकर आसपास के लोगों में भारी आस्था है। सभी भंडारे में तन मन धन से पूरा सहयोग करते हैं। पीर की मजार पर जेठ के प्रथम वीरवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है। वहीं सभी की सुख शांति के लिए चादर की रस्म अदा की जाती है। इस अवसर पर सुरेश, कर्ण, रमेश, पार्षद राजीव आर्य सन्नी, सतीश कांबोज, विक्रम, विजय कांबोज, सचिन, अरूण, प्रियकांत जोगी, राजेंद्र पोटली, मनीष कांबोज, निशांत, संयम, वंश व रमेश प्रजापति आदि मौजूद थे।

## भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी: सपरा

- 23 व 24 मई को डीपीएस विद्यालय भंभौली में होगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** प्रशिक्षण शिविर की जानकारी देते भाजपा पदाधिकारी।

भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 23 व 24 मई को डीपीएस विद्यालय भंभौली में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर संबंधित व्यवस्था प्रमुखों ने प्रशिक्षण स्थल का दौरा किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि भाजपा का जिला स्तरीय यह प्रशिक्षण शिविर 23 मई को सुबह नौ बजे से प्रारंभ होकर 24 मई शाम पांच बजे तक चलेगा। जिसमें रात्रि प्रवास भी प्रशिक्षण शिविर में रहेगा। बीजेपी के प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश स्तरीय 14 पदाधिकारी आकर भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और कुशल बनाना है। भाजपा नेता प्रमोद कौशिक ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में निपुणता, कार्य कुशलता और आत्मविश्वास बढ़ता है व जिम्मेदार राजनीतिक कार्यकर्ताओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से भाजपा कार्यकर्ता संगठन के साथ-साथ देश के विकास में भी भूमिका निभाएगें। शिविर में जिला यमुनानगर के चयनित भाजपा पदाधिकारी प्रशिक्षण लेंगे व प्रदेश भाजपा संगठन से प्रदेश स्तरीय 14 पदाधिकारी आकर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।




### सेठ जयप्रकाश की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**रोहतक।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वीरवार को महान शिक्षाविद् सेठ जय प्रकाश की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के निदेशक, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने सेठ जय प्रकाश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि सेठ जय प्रकाश ने शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया। उनके द्वारा स्थापित मूल्यों एवं आदर्शों से आज भी हजारों विद्यार्थी प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान सदैव उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। सेठ जय प्रकाश का जीवन समाज सेवा, शिक्षा के प्रसार एवं मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। उनके विचार एवं आदर्श सदैव आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने ली डॉ. भल्ला की शोध परियोजना

- पांच लाख रूपये की अनुदान राशि की जाएगी प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अरविंद्र सिंह भल्ला।

गुरू नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के प्राचार्य डॉ.अरविंदर सिंह भल्ला को एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। उनकी शोध परियोजना श्री गुरु ग्रंथ साहिब की भारत के सामाजिक व सांस्कृतिक पुनर्जागरण में भूमिका को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत डॉ.भल्ला को शोध कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा पांच लाख रूपये की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

यह प्रतिष्ठित स्वीकृति डॉ.भल्ला की सतत शोध प्रतिबद्धता तथा सिख दर्शन, सामाजिक व सांस्कृतिक अध्ययन एवं मूल्य आधारित शिक्षा के प्रति उनके गहन समर्पण को दर्शाती है। यह परियोजना श्री गुरु ग्रंथ साहिब के भारत के सामाजिक सांस्कृतिक ताने-बाने पर पड़े परिवर्तनकारी प्रभाव का अध्ययन करेगी। विशेष रूप से समानता, सद्भाव, नैतिक जीवन और आध्यात्मिक चेतना के संवर्धन में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालेगी।

अपने इस शोध परियोजना के संदर्भ में डॉ.भल्ला ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाएँ आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं और वे समाजिक चुनौतियों के समाधान तथा सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कॉलेज परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है।



### न्यू राईजिंग स्टार स्कूल में लगाया आख जांच कैंप

**रादौर।** रोटरी क्लब द्वारा वीरवार को न्यू राईजिंग स्टार स्कूल मंडौली में स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय सरदार परमजीत सिंह व उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय वीना रानी की याद में एक आंखों के शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री आत्मारामानंद चेरिटेबल आई अस्पताल छोटाबांस की टीम ने ऑप्टोम विजय कुमार की देखरेख में स्कूल के लगभग 250 से अधिक बच्चों की आंखों की जांच की। वहीं उन्हें अपनी आंखों की देखभाल करने की विधि बताई गई। शिविर का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन रमनदीप सिंह ने किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन क्लब के सचिव भारत माटिया व कोषाध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा ने बताया कि शिविर में बच्चों की आंखों की जांच की गई। वहीं बच्चों को मोबाइल फोन का कम से कम इस्तेमाल करने की अपील की गई। स्कूल के चेयरमैन रमनदीप सिंह ने कहा कि स्कूल की ओर से समय समय पर बच्चों की आंखों व दांतो की जांच करवाकर उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

## जनगणना का कार्य पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाए: एसडीएम

- जनगणना के आधार पर होता है योजनाओं का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारी।

जिला सचिवालय में वीरवार को जगाधरी क्षेत्र के जनगणना सुपरवाइजरों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ ने की। बैठक में जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई तथा सुपरवाइजरों से विस्तृत प्रोग्रेस रिपोर्ट प्राप्त की गई।

एसडीएम विश्वनाथ ने सभी जनगणना सुपरवाइजरों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना का कार्य पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं नीतियों का निर्माण किया जाता है। इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक जानकारी को सही एवं सावधानीपूर्वक दर्ज किया जाए। आमजन को भी जनगणना के प्रति जागरूक करें ताकि सभी नागरिक सही जानकारी उपलब्ध करवाने में सहयोग करें।

### प्लांट से किसान व पशुपालकों को अर्जित होगी अतिरिक्त आय

## सढुरा में गोवर्धन प्रोजेक्ट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जिले को रासायनिक खादों से छुटकारा दिलाने के लिए युद्धस्तर पर किया जा रहा संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**रादौर।** गांव सढुरा में गोवर्धन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते अधिकारी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद की ओर से वीरवार को गांव सढुरा में बनाए गए गोवर्धन प्रोजेक्ट का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। गांव सढुरा में अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ बैठक करके इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि जिले के पायलेट गोबर्धन प्रोजेक्ट को गांव सढुरा में लगाया गया है जिससे कम्युनिटी बायोगैस प्लांट पशुपालकों, किसानों को गोबर बेचने से मिलेगी उससे अतिरिक्त आय गांवों को मिलेगी। उन्होंने कहा कि रासायनिक खादों से छुटकारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिले को स्वच्छ, आत्मनिर्भर व ओडीएफ.प्लस बनाने के उद्देश्य से गोवर्धन परियोजना को जिला परिषद द्वारा युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है। मौके पर सरपंच जसविंदर सिंह, लव कुमार, नरेश ढिल्लों, बलिंदर कटारिया, आकाश, ललित, तरसेम, संजीव चड्ढा आदि मौजूद थे।

#### गांवों में गंदगी का होगा खात्मा

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने प्रोजेक्ट से सम्बन्धित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों सहित गांव के सरपंच पंचायत, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की समीक्षा की। बैठक में इस प्रोजेक्ट को एक जन-आंदोलन बनाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेकार पड़े पशुओं के गोबर, कृषि अपशिष्ट को बायोगैस व उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद में परिवर्तित करना है। इससे गांवों में गंदगी का खात्मा होगा व संक्रामक बीमारियों में कमी आएगी। बायोगैस संयंत्रों के चालू होने से ग्रामीणों को सस्ती और पर्यावरण अनुकूल रसोई गैस पाइपलाइन के माध्यम से मिलेगी। इसके अलावा संयंत्र से निकलने वाली उत्तम जैविक खाद से किसान भाई अपनी फसलों की पैदावार बढ़ा सकेंगे। जिससे महंगे रासायनिक उर्वरकों पर उनकी निर्भरता कम होगी। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आमजन को इस योजना के प्रति जागरूक करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतें।

## खबर संक्षेप



थानेसर। वाटर कूलर का शुभारंभ करते समिंदर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### सहयोग एक कोशिश संस्था ने लगवाया वाटर कूलर

**थानेसर।** पिपली बस स्टैंड पर सहयोग एक कोशिक संस्था द्वारा चौथा वाटर कूलर लगाया गया। जिसका शुभारंभ पिपली बस स्टैंड के जनरैल मैनेजर समिंदर सिंह ने वाटर कूलर का रिबन काटकर किया। संस्था के प्रधान साहिल गाबा ने कहा कि यह वाटर कूलर यश पाल गोयल के सहयोग से लगाया गया। साहिल गाबा ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जाएंगे। इससे राहगीर पानी की प्यास बुझा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में भी पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया जाएगा। समिंदर सिंह ने कहा कि इस बार गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। ऐसे में जल सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है।

### योग प्रतियोगिता में गुरलीन व मुस्कान प्रथम

**थानेसर।** पलवल डाइट में आयोजित योग ओलंपियाड में शहीद सुरेंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय विद्यालय बारना की मुस्कान व गुरलीन ने दो वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया है। 9वीं व 10वीं कक्षा वर्ग में मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 6वीं से 8वीं वर्ग में गुरलीन ने प्रथम स्थान हासिल किया है। कोच भीम सिंह ने कहा कि बारना की छात्राओं ने योग प्रतियोगिता में बहुत सराहनीय प्रदर्शन किया है। प्राचार्य रमेश कुमार, समाजसेवी टेकचंद बारना, पंच मीनू चौधरी, पपिंद्र सिंह, मोहित, मोनू, रवि कुमार व सुरेंद्र कुमार ने विजेताआ छात्राओं को शुभकामनाएं दीं

### कार्यशाला में जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरलता से समझा

**कुरुक्षेत्र।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं अनुसंधान के प्रति अभिरुचि जागृत करने के उद्देश्य से डीएनए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन जैव प्रौद्योगिकी के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ वीके सिंह द्वारा किया गया। कार्यशाला में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विज्ञान विषय के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रतिभागियों को डीएनए की संरचना, पृथक्करण एवं जैव प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक अनुप्रयोगों से संबंधित प्रयोग स्वयं करने का अवसर प्राप्त हुआ। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रयोगशाला गतिविधियों के माध्यम से जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरलता से समझा।



### भगवान विष्णु के सभी अवतारों के भजन सुनाए

**कुरुक्षेत्र।** जय मां दुर्गा - जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा वार्ड नम्बर 20 के गुरुदेव नगर,7-बी में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में करवाई जा रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर कथाव्यास पंडित विकास कौशिक ने भगवान विष्णु के सभी अवतारों का वर्णन भजनों सहित विस्तार से सुनाया। काशी से सनातन शास्त्र मर्मज्ञ संत गुरुचरण दास महाराज,पिहोवा से आचार्य अभिषेक कुश ज्योतिषी और वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने भी मंच से पुरुषोत्तम मास महिमा सहित भागवत चर्चा की। कथा से पूर्व मुख्य यजमान एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजेश मोदगिल और अंकुश गुप्ता ने भागवत पूजन करके मंच पर विराजमान सभी संतों का सत्कार किया। पंडित विकास कौशिक ने कहा कि श्रीमद्भागवत पुराण में भगवान विष्णु के लीलाओं और धर्म की रक्षा के लिए लिए गए विभिन्न अवतारों का विस्तृत वर्णन मिलता है।

# तपती धूप बनी मुसीबत, गर्मी जनित रोगों का खतरा बढ़ा

■ बीमारियों से बचाव के लिए अपनाएं सावधानी, अन्यथा हो सकते हैं बीमार

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा

आजकल बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक जंक फूड और बाहरी खाने के शौकीन हो गए हैं, लेकिन इसके दुष्प्रभावों से अधिकांश लोग अनजान हैं। विशेषकर सफर और गर्मियों में खानपान का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। चिकित्सकों के अनुसार संतुलित एवं पौष्टिक आहार ही अच्छे स्वास्थ्य का आधार है। पौष्टिक और अपौष्टिक भोजन के प्रभावों को लेकर एंव गर्मी से बचाव के उपाय को लेकर नगर के प्रमुख चिकित्सकों के विचार।

### संतुलित भोजन से स्वस्थ रहता है शरीर: डा. अवनीत वडैच



होम्योपैथिक फिजिशियन डॉ. अवनीत वडैच ने कहा कि गर्मी में अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए संतुलित आहार बहुत जरूरी है। संतुलित भोजन से शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं, जिससे व्यक्ति स्वस्थ और फिट रहता है। उन्होंने बताया कि पौष्टिक आहार शरीर की रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ाता है और कई बीमारियों व संक्रमण से बचाने में मदद करता है। इसके साथ ही संतुलित भोजन दिमाग को भी मजबूत बनाता है और याददाश्त बढ़ाने में सहायक होता है।

### सफर में रखे खान-पान का ख्याल: डा सुदर्शन चुघ



सरस्वती मिशन अस्पताल के एम.डी. डॉ. सुदर्शन चुघ ने कहा कि गर्मियों की छुट्टियों में लोग बच्चों को लेकर सैर-सपाटे पर निकलते हैं, लेकिन अत्यधिक गर्मी और खराब खानपान के कारण सफर में परेशानियां बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान खानपान और आराम का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। सफर में हल्का भोजन, ताजे फल और हरी सब्जियों का सेवन करें।

### जंक फूड बिगाड़ सकता है सेहत: डॉ. राजेंद्र मंगला



नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. राजेंद्र मंगला ने कहा कि आजकल जंक फूड का बढ़ता प्रचलन लोगों की सेहत पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। आकर्षक दिखने वाले ये खाद्य पदार्थ शरीर के लिए बेहद हानिकारक साबित होते हैं। इनके अधिक सेवन से शरीर में वसा, काबोर्हाइड्रेट, नमक और चीनी की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे मोटापा, हृदय रोग और लीवर संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ने लगता है। उन्होंने बताया कि जंक फूड की आदत पड़ने से लोग फल, हरी सब्जियां और सलाद जैसे पौष्टिक आहार से दूरी बना लेते हैं, जिसके कारण शरीर में पोषक तत्वों की कमी होकर स्वास्थ्य प्रभावित होने लगता है।

### बच्चों की पसंद के व्यंजन घर पर ही बनाएं : डॉ. रवि गर्ग



सरस्वती मिशन हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि गर्ग ने कहा कि ह्लचुटकी भर बचाव, मुट्ठी भर इलाज के बराबर होता है।ह्व उन्होंने बताया कि स्वादिष्ट दिखने वाला लेकिन पोषणहीन भोजन केवल पेट भरता है, जबकि यह शरीर में कई बीमारियों के जीवाणु और कीटाणु पैदा कर सकता है। इससे बच्चों का शरीर कमजोर होने लगता है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों को जंक फूड से दूर रखने के लिए पारंपरिक खाद्य पदार्थों को बच्चों की पसंद के अनुसार थोड़ा नया रूप देकर तैयार किया जा सकता है। इससे भोजन की पौष्टिकता भी बनी रहती है और बच्चे भी उसे खुशी से खाते हैं।

### मसालेदार और तला-भूना भोजन खाने से बचें: डॉ ऊषा जांगड़ा



प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट डॉ ऊषा जांगड़ा ने कहा कि मसालेदार और तला-भूना भोजन खाने से बचें तथा बच्चों को फास्ट फूड व जंक फूड से दूर रखें। सफर में हल्का भोजन, ताजे फल और हरी सब्जियों का सेवन करें। उन्होंने टाइट कपड़े न पहनने की भी सलाह दी, क्योंकि इससे त्वचा संबंधी एलर्जी का खतरा बढ़ सकता है। डॉ. ऊषा ने कहा कि सही खानपान से शरीर का वजन भी आयु और लंबाई के अनुसार संतुलित बना रहता है।

## प्रशासन ने तेल बचाओ अभियान में योगदान देते हुए 50 फीसदी गाड़ियां कम की

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक बसों से पहुंचे अधिकतर अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ प्रधानमंत्री के संकल्प में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी : डीसी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लाडवा में आयोजित होने वाले जनसंवाद कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी कुरुक्षेत्र से इलेक्ट्रिक बसों में पहुंचे। सरकार के आह्वान पर प्रशासन ने तेल बचाओ अभियान में योगदान देते हुए 50 फीसदी गाड़यां कम लेकर पहुंचे। कार्यक्रम के समापन के बाद इलेक्कि बसों से ही वापस कुरुक्षेत्र पहुंचे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश - प्रदेश को आत्मनिर्भर और ऊर्जा-सुरक्षित बनाने का जो संकल्प लिया है, उसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। इस संकल्प में प्रशासन ने अपनी भागीदारी को 50 फीसदी अधिकारियों को इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से कार्यक्रम में पहुंचाया और वापस भी इलेक्ट्रिक बसों से पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में केवल उन्हीं विभागों को गाड़ी की अनुमति दी गई, जिनका गाड़ी में आना जरुरी रहा।



### छोटे-छोटे कदम से ही बड़े बदलाव की नींव

उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन के इस कदम से न केवल ईंधन की बचत कर सकते हैं, बल्कि वायु प्रदूषण कम करके आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण भी प्रदान कर सकते हैं। उनका यह प्रयास सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि हरियाणा के युवाओं और आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देना है। छोटे-छोटे कदम से ही बड़े बदलाव की नींव बनते हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिसाल कायम की है। इससे पहले मंगलवार को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा साइकिल से सचिवालय पहुंचे थे और कार्यालय का काम पूरा करने के बाद वापस घर भी साइकिल पर भी गए थे।



### सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल की आराध्या सैनी ने जीती रनरअप ट्रॉफी

**कुरुक्षेत्र।** सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल की चौथी कक्षा की छात्रा आराध्या सैनी ने राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब व हरियाणा के अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराते हुए सेकेंड रनरअप की ट्रॉफी अपने नाम की। चंडीगढ़ में आयोजित अबेकस प्रतियोगिता में, जिसमें मस्तिष्क में उपकरण की कल्पना कर बड़ी से बड़ी गणनाओं को सेकंडों में हल करना होता है, लगभग 500 प्रतियोगियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता यूसीएम कंपनी द्वारा आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों के कई स्तरों पर प्रशिक्षण एवं मुकाबले हुए, जिनमें आराध्या सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय रनरअप का स्थान प्राप्त किया। आराध्या सैनी अपने माता-पिता के साथ विद्यालय पहुँचीं, जहाँ उनका स्वागत विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रंजना शर्मा व संचालक विपिन कुमार द्वारा किया गया। आराध्या के पिता जय राम सैनी, जो प्रसिद्ध अधिवक्ता हैं, ने विद्यालय का धन्यवाद किया और बताया कि उनकी बड़ी पुत्री भी इसी विद्यालय की छात्रा रही हैं।

# भजन आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम: प्रो. एआर चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा केंद्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में प्रेरणा/भक्ति समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भक्ति भाव से ओत-प्रोत सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों की मधुर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर. चौधरी ने कहा कि भजन केवल संगीत नहीं, बल्कि परमात्मा से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने तथा नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



कुरुक्षेत्र। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम

भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा केंद्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में दूसरे दिन आयोजित प्रेरणा/भक्ति समूहगान प्रतियोगिता में डी.ए.वी. स्कूल ने प्रथम स्थान, अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान, यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, के.यू.के. ने तृतीय स्थान तथा केसरी स्कूल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र में जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को याद किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक सोच और नई तकनीक से जोड़ने का काम किया। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ाने, पंचायती राज को मजबूत करने और देश में सूचना क्रांति लाने में अहम भूमिका निभाई। मेवा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज भी राजीव गांधी के विचारों पर चलकर देश की सेवा कर रही है। थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने का सपना देखा।

### अखिल भारतीय कार्यगोष्ठी का आयोजन 22 से

**थानेसर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की प्रांत संयोजकों की अखिल भारतीय कार्यगोष्ठी का आयोजन 22 से 24 मई तक विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र में होगा। संस्थान के प्रबंधक सुधीर कुमार ने बताया कि कार्यगोष्ठी में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उड़ीसा, तेलंगाना, असम, केरल, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु, गुजरात, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक सहित देश के सभी राज्यों से लगभग 85 प्रतिभागी सहभागिता करेंगे। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय कार्यगोष्ठी के अनेक सत्रों में छात्रों की संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उपस्थिति, सम्पर्कित विद्यालयों को संस्कृति बोध अभियान से जोड़ना, विद्या मंदिरों की सहभागिता, आचार्यों की परीक्षा, परीक्षा परिणाम, संस्कृति प्रवाह, पुस्तक प्रेषण, प्रश्नपत्र, प्रमाण पत्र, निबंध प्रतियोगिता, विद्या भारती का साहित्य, चित्र संच का उपयोग सहित संस्कृति बोध परियोजना के अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 1980 से शुरू हुई थी, जिसमें उस समय 30 हजार छात्र सम्मिलित हुए थे।



सुधीर कुमार

## कड़ी मेहनत, लगन, समर्पण से ही संगीत को अपनाया जा सकता : डा. नरेंद्र सिंह

# बांसुरी वादन कार्यशाला में छात्रों ने सीखे बांसुरी वादन के बेसिक गुर

10 वें दिन संगीत विभाग के प्रसिद्ध तबला वादक अभिषेक ने तीन ताल की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से तथा हरियाणा कला परिषद् एवं जीओ गीता गुरुकुल के सहयोग से बांसुरी वादन कार्यशाला के 11 वें दिन डा रणपाल सिंह, पूर्व कुलपति चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद मुख्य अतिथि के रूप में तथा डॉ नरेंद्र सिंह जी जिला जन संपर्क अधिकारी, कुरुक्षेत्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भगवद्गीता के समक्ष दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षुओं ने मुख्य अतिथि के समक्ष बांसुरी पर कुछ सरगमों का अभ्यास, राष्ट्र गान प्रस्तुति कर के अब तक की हुई कार्यशाला की प्रगति से अवगत कराया। गीता ज्ञान संस्थानम के शिक्षा प्रमुख डॉ वीके कोहली तथा कार्यशाला संयोजक डॉ सचिंद्र कुमार द्वारा संस्थान की गतिविधियों का संक्षेप में विवरण दिया गया। प्रशिक्षण के के दौरान छात्रों को बांसुरी वादन के बेसिक गुर सिखाए गए।



कुरुक्षेत्र। कार्यशाला में मौजूद छात्र व अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### कॅरिअर निर्माण में भी सहायक

विशिष्ट अतिथि डॉ नरेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई दी एवं उनके भविष्य में सफलता की कामना करते हुए प्रतिभागियों को बांसुरी के इतिहास के बारे में अवगत कराया। कहा कि कड़ी मेहनत, लगन, समर्पण से ही संगीत को अपनाया जा सकता है। मुख्य अतिथि डॉ रणपाल सिंह ने संस्थान में में चल रहे विभिन्न आयोजनों एवं बांसुरी कार्यशाला की उपयोगिता पर अपने विचार रखते हुए संस्थान को शुभकामनाएं अभिव्यक्त की। इसके उपरांत कार्यशाला के संचालक एवं प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा, कार्यशाला संयोजक डॉ सचिंद्र कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष वेद मिश्रा, सहप्रशिक्षक पवन गुंबर व सहयोगी प्रशिक्षक देवेंद्र, ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व 10 वें दिन संगीत विभाग के प्रसिद्ध तबला वादक अभिषेक ने तीन ताल की जानकारी दी व अभ्यास कराया तथा विस्तार से लय, विभाग, मात्रा, खाली, ताली, सम, आवर्तन आदि की जानकारी दी। प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा ने कहा कि बांसुरी यंत्र को सीखने के लिए काफी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। अब लोक संगीत का दायरा भी बढ़ता जा रहा है। ऐसे में बांसुरी जैसे यंत्र कॅरिअर निर्माण में भी सहायक सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने छात्रों से बांसुरी बजाने के लिए नियमित अभ्यास करने के लिए कहा।

## न्यूज डायरी



### जयराम सैनिक स्कूल में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम सैनिक स्कूल में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। जयराम न्यू सैनिक स्कूल में देश के भावी नन्हे सैनिक कैडेट्स द्वारा आतंकवाद विरोधी दिवस कार्यक्रम शिरकत करते हुए देश की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आतंकवाद के विरुद्ध संदेश दिया। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को शांति, एकता और देशभक्ति की भावना को अपनाकर राष्ट्र की अखंडता को मजबूत करना चाहिए। जयराम सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर सुरेश कुमार ने कैडेट्स को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जागरूक रहना एवं देश की एकता बनाए रखना है।



### पंच धूणी तपस्या की परिक्रमा से होती है मनोकामनाएं पूरी

**पिहोवा।** हिंदू धर्म और साधु-संतों की परंपरा में की जाने वाली सबसे कठिन साधनाओं में से पंच धूणी तपस्या सबसे कठीन मानी जाती है, जो इन दिनों गांव सारसा के मुर्तजापुर रोड़ पर पीर बाबा की समाधि के नजदीक महंत ओगड़ पीर तुलसी नाथ द्वारा की जा रही है, महंत द्वारा कड़ी धूप में 43 से 45 डिग्री तापमान में उपलो से बने पवित्र अग्नि के पांच कुंडो के बीच बैठकर ध्यान किया जा रहा हैं, जो आंतरिक शुद्धि, अनुशासन और भूतकाल के कर्मों और अहंकार के नाश का प्रतीक है। तपस्या में बैठने से पूर्व तपस्वी महंत ओगड़ पीर तुलसी नाथ ने बताया कि यह तपस्या विश्व कल्याण, सांसारिक मोह-माया से मुक्ति, समाज में सुख-समृद्धि, क्षेत्र में खुशहाली तथा विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि तपस्या की परिक्रमा से मानव की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



### विद्यार्थियों ने किया पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के छठी कक्षा से द्वादश कक्षा के कुल 60 विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र भ्रमण के लिए ले जाया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक के प्रति जागरूक करना और उनके ज्ञान में वृद्धि करना था विद्यार्थियों ने वहां विज्ञान से सम्बंधित विभिन्न मॉडल को देखा व उनके पीछे लगने वाले वैज्ञानिक तथ्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। वहीं दूसरी ओर उन्होंने थ्री डी शो का आनंद लिया, अंतरिक्ष प्रदर्शनी व तारामंडल के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने महाभारत के विषय में भी जानकारी प्राप्त की।

### मुख्याध्यापिका निशा गोयल ने पुनः संभाला कार्यभार



**शाहबाद।** गीता विद्या मंदिर की मुख्याध्यापिका निशा गोयल ने न्यायालय के आदेशानुसार विद्यालय में पुनः अपना स्थायी कार्यभार संभाल लिया है। माननीय न्यायालय ने अपने महत्वपूर्ण आदेश के तहत उनके पूर्व सेवामुक्ति आदेश को पूरी तरह निरस्त कर दिया है। न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति, शाहाबाद तथा हिन्दू शिक्षा समिति, कुरुक्षेत्र ने तुरंत प्रभाव से श्रीमती निशा गोयल की जॉइनिंग को रिकॉर्ड में लेते हुए इसकी आधिकारिक पुष्टि कर दी है। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत मुख्याध्यापिका श्रीमती निशा गोयल ने विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक/अध्यक्ष एवं हिन्दू शिक्षा समिति, कुरुक्षेत्र के कार्यवाहक मंत्री/अध्यक्ष से दूरभाष पर विशेष वार्ता की। फोन पर हुई इस सकारात्मक बातचीत के बाद उन्होंने प्रबंधन समिति के सहयोगात्मक रुख और त्वरित निर्णय के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती निशा गोयल ने कहा, प्रबंधन समिति और शिक्षा समिति से मिले निरंतर मार्गदर्शन और स्नेह से मुझे अपने कर्तव्यों को और अधिक ऊर्जा व तत्परता के साथ निभाने का बल मिला है।

### प्यास न लगने पर भी नियमित रूप से पानी पीते रहें

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष सावधानी बरतें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि बढ़ता तापमान स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है, ऐसे में जागरूकता और सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और खुद को लू के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखें। क्योंकि लू लगने से शरीर में पानी की कमी, चक्कर आना और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार व्यक्तियों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी, क्योंकि ये वर्ग गर्मी के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। उन्होंने कहा कि प्यास न लगने पर भी नियमित रूप से पानी पीते रहें और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। दोपहर के समय बाहर जाना जरूरी हो, तो सिर को छाते, टोपी या गमछे से ढक कर निकले और अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें। खान-पान में तली-भुनी और बासी चीजों से परहेज करें, जबकि छाछ, नींबू पानी और ओआरएस का सेवन लाभकारी है। इसके अलावा पशुओं का भी ध्यान रखें।

### लोक अदालत में सहमति निपटाएं जाएंगे लंबित मामले

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ एवं आमजन के निकट लाने के उद्देश्य से वर्ष 2026 में समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण अभियान 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का निपटारा आपसी सहमति, सुलह एवं संवाद के माध्यम से किया जाएगा। इसके आयोजन से पूर्व राज्य, जिला एवं तालुका स्तर पर स्थापित मध्यस्थता केंद्रों में सुलह एवं मध्यस्थता बैठकों का आयोजन किया जाएगा, जहां पक्षकारों को आपसी समझौते के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के लालच देकर 58 लाख का चूना

**अंबाला।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने सिटी की सेक्टर-1 के रहने वाली 70 वर्षीय नीलम गुप्ता से करीब 57.77 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले में साइबर थाना में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि 13 जनवरी को उन्होंने अपने पति की फेसबुक आईडी पर निवेश से जुड़ा एक विज्ञापन देखा, जिसमें 22 हजार रुपए लगाकर लाखों रुपए कमाने का दावा किया गया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद 21 जनवरी को उन्हें कॉल आई, जिसमें आरोपी ने खुद को कार्तिक मेहता बताते हुए लंदन की प्रोक्सट्रेंड ट्रेडिंग कंपनी का मैनेजर बताया। आरोपी ने महिला से अलग-अलग यूपीआई, बैंक खातों व क्यूआर कोड के जरिए रकम ट्रांसफर करवाता रहा। जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच पीड़िता ने कुल 57,77,159 लाख भेज दिए।

### जनगणना का 30 तक पूरा करें काम

**शहजादपुर।** चार्ज ऑफिसर कम नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने जनगणना सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को निर्देश देते हुए कहा कि मकान सूचीकरण एवं जनगणना का कार्य 30 मई 2026 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय महत्व का दायित्व है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि तकनीकी सहायक सोनम पोर्टल पर आने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए तैनात की गई है, ताकि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### लोगों ने रखीं विभिन्न समस्याएं

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**बराड़ा।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न के राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर राजीव चौक साहा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक पूजा ने कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### समाधान शिविर शानदार पहल

**अंबाला।** एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की जनहितकारी पहल है। इसके माध्यम से आम नागरिक अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# जनगणना में 'लापरवाही बर्दाश्त नहीं', लेकिन गलत आंकड़ों का जिम्मेदार कौन?



बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

तहसीलदार अंकित बैनीवाल ने जनगणना कार्य को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को प्रत्येक भवन, परिवार और आवासीय स्थल की सही जानकारी एकत्रित कर तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ बैठकों और चेतावनियों से जनगणना सही हो जाएगी? क्योंकि जमीनी हकीकत यह है कि कई बार सरकारी आंकड़े फाइलों में तो पूरे दिख जाते हैं, लेकिन असल तस्वीर कुछ और ही होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवार आज भी सरकारी रिकॉर्ड में गायब हैं, तो कहीं मृत लोगों के नाम तक रिकॉर्ड में चलते रहते हैं। कई जगहों पर मकान और परिवारों की गलत एंट्री बाद में योजनाओं और सुविधाओं में बड़ी गड़बड़ियों की वजह बनती है। लेकिन जब गलती सामने आती है तो जिम्मेदारी तय करने की बजाय मामला फाइलों में दबा दिया जाता है।

### जनगणना की जमीनी हकीकतः आंकड़ों की सच्चाई या फिर कागजी खेल?

स्थानीय लोगों का कहना है कि जनगणना केवल आंकड़े भरने का काम नहीं, बल्कि सरकार की योजनाओं की नींव होती है। अगर आंकड़े ही गलत होंगे तो विकास योजनाएं भी कागजों में ही दौड़ती रहेंगी। अधिकारियों ने "टीम वर्क" और "समन्वय" की बात जरूर की, लेकिन कर्मचारियों की कमी, लगातार बढ़ते गैर-शैक्षणिक कार्य और दबाव के बीच जमीनी स्तर पर सही आंकड़े जुटाना भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। लोगों का कहना है कि हर बार कर्मचारियों को लापरवाही की चेतावनी दे दी जाती है, लेकिन सिस्टम की कमियों पर कोई बात नहीं होती। आखिर जब एक कर्मचारी पर कई विभागीय जिम्मेदारियां डाल दी जाती हैं तो त्रुटियां होना तय माना जाता है। अब देखना यह होगा कि इस बार जनगणना वास्तव में जमीन की सच्चाई दिखाएगी या फिर पहले की तरह आंकड़ों का खेल बनकर रह जाएगी, जहां फाइलों में सब "सही" और जनता की नजर में बहुत कुछ अधूरा दिखाई देता है।

## एक एकड़ में विकसित की जा रही थी कॉलोनी

# अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

***लोगों का कहना है कि पहले प्लॉट बिकते हैं, निर्माण शुरू हो जाता है और बाद में प्रशासन कार्रवाई करता है।***

*जिला नगर योजनाकार विभाग ने लगभग 1 एकड़ में विकसित की जा रही कथित अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए सड़कें और डीपीसी ध्वस्त की, विभाग ने लोगों से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें और प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में न आएं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा क्षेत्र में लगभग 1 एकड़ में विकसित की जा रही कथित अवैध कॉलोनी पर पीला पंजा चलाकर सड़कें और डीपीसी ध्वस्त कर दी गईं। विभाग ने कार्रवाई के बाद लोगों से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें और प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में न आएं। लेकिन हर कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल वहीं खड़ा रह जाता है कि आखिर आम आदमी को यह बताएगा कौन कि कौन-सी कॉलोनी वैध है और कौन-सी अवैध? शहरों और कस्बों में सालों से यही खेल चल रहा है।

पहले खेतों में प्लॉट काटे जाते हैं, बिजली-पानी के कनेक्शन तक पहुंच जाते हैं, रजिस्ट्री और बयाने होते हैं, लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई लगाकर मकान बनाना शुरू कर देते हैं। फिर अचानक एक दिन प्रशासन पहुंचता है और बुलडोजर चलाकर कॉलोनी को "अवैध" घोषित कर देता है। हैरानी की बात यह है कि जिन कॉलोनियों पर कभी पीला पंजा चलता है, वही कुछ समय बाद किसी न किसी तरीके से "वैध" होती नजर आने लगती हैं।



बराड़ा। कालोनी को ध्वस्त करता बुलडोजर।

### बुलडोजर नहीं, अवैध कॉलोनियों पर पारदर्शिता भी जरूरी

ऐसे में जनता के मन में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर अवैध कौन है प्लॉट खरीदने वाला आम आदमी या सिस्टम की खामोशी? लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में जनता को बचाना चाहता है तो केवल तोड़फोड़ की कार्रवाई करने से काम नहीं चलेगा। प्रशासन को सार्वजनिक रूप से सूची जारी करनी चाहिए कि क्षेत्र में कौन-कौन सी कॉलोनियां वैध हैं, किनके लाइसेंस हैं और किनसे लोगों को दूरी बनानी चाहिए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्रवाई हमेशा तब होती है जब करोड़ों रुपये के प्लॉट बिक चुके होते हैं। तब तक न तो विभाग कोई चेतावनी बोर्ड लगाता है और न ही समय रहते निर्माण रुकवाता है। नुकसान केवल उस मध्यमवर्गीय परिवार का होता है जिसने अपनी जमा-पूंजी लगाकर सिर छुपाने का सपना देखा होता है। अब मुलाना में हुई कार्रवाई के बाद फिर यही चर्चा है कि आखिर जनता कब तक प्रॉपर्टी डीलरों और सिस्टम के बीच पिसती रहेगी, और कब प्रशासन सिर्फ बुलडोजर नहीं बल्कि पारदर्शिता भी दिखाएगा।

# जून के पहले सप्ताह में आईटीआई में होंगे दाखिले, शेड्यूल किया जारी

- आठ सरकारी व तीन निजी आईटीआई में दाखिले की पूरी तैयारी
- पोर्टल जून माह के प्रथम सप्ताह में शुरू किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य दिनेश राणा ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार आईटीआई मे प्रवेश हेतु ऑनलाइन पोर्टल जून माह के प्रथम सप्ताह में शुरू किया जाएगा।

कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं पास विद्यार्थी नए शैक्षणिक सत्र के लिए सरकारी एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

### आठ सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

जिले में गर्वनमेंट आईटीआई अंबाला शहर, आईटीटाई वुमैन अंबाला शहर, मूलचंद गर्वनमेंट आईटीआई अंबाला छावनी, गर्वनमेंट आईटीआई हसनपुर, , गर्वनमेंट आईटीआई बराड़ा एट होली, मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर गर्वनमेंट आईटीआई नोहनी, गर्वनमेंट आईटीआई भारांपुर, गर्वनमेंट आईटीआई वुमैन नारायणगढ़ तथा तीन निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हैं। सभी संस्थानों में विभिन्न रोजगारपरक ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर में मारुति सुजुकी लिमिटेड द्वारा स्थापित आधुनिक मारुति लैब सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। इस लैब में प्रशिक्षुओं को उद्योगों में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों एवं मशीनों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे विद्यार्थी आधुनिक औद्योगिक कौशल सीखकर रोजगार के लिए तैयार हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त संस्थान में प्रत्येक माह रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेती हैं। इन रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग शत-प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आईटीआई में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पासपोर्ट साइज फोटो, चरित्र प्रमाण पत्र,गैप ईयर प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेज तैयार रखने की सलाह दी गई है। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की जाती है कि वे आईटीआई के माध्यम से उपलब्ध कौशल विकास एवं रोजगार अवसरों का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# हनुमान मंदिर में मांगलिक कार्यक्रम 30 से

**अंबाला।** मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर जीटी रोड मोहड़ा का वार्षिकोत्सव 30 मई से 3 जून तक बड़ी धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इसउपलक्ष्य में पांच दिवसीय भव्य मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न किए जाएंगे। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर के मठाधीश स्वामी पूर्णानंद गिरि महाराज एवं मंदिर की सेवा कर रहे महंत शंकरानंद गिरि के अनुसार 30 मई शनिवार को प्रातः 9 बजे श्री रामचरितमानस पाठ प्रारंभ एवं रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसके अगले दिन 31 मई, रविवार को भी प्रातः 9 बजे श्री रामचरितमानस पाठ एवं रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। सोमवार 1 जून को श्री रामचरितमानस का समापन, रुद्राभिषेक तथा सायं चंडी पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। 2 जून, मंगलवार को चंडी पाठ का समापन एवं रुद्राभिषेक सायं 4 बजे आयोजित होगा, जबकि रात्रि 8 बजे भव्य हवन संपन्न कराया जाएगा। मनमोहन गिरि के अनुसार कार्यक्रम के अंतिम दिन 3 जून बुधवार को प्रातः 9 बजे हनुमान का विशेष अभिषेक किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही हैं। आंजनेय चेरिटेबल ट्रस्ट का भी इस कार्यक्रम के दौरान विशेष सहयोग रहेगा।

# रंजिश को लेकर पंचायती जमीन पर चलाए ट्रैक्टर, एक हजार से पेड़ रौंदे

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की, कई आरोपियों की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

सरदहेड़ी गांव में पंचायती जमीन पर पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए गए सफेदे के करीब एक हजार पेड़ों को दबंगों ने ट्रैक्टरों से जोतकर नष्ट कर दिया। पुलिस ने सरपंच व पंचों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम पंचायत सरदहेड़ी की सरपंच तरनजीत कौर, पंच रजनी सैनी, सुमन रानी और पूजा ने बताया कि पंचायत द्वारा करीब 3 एकड़ पंचायती भूमि पर सफेदे के पौधे लगवाए गए थे।

### ये है मामला

आरोप है कि रंजिश और दुर्भावना के चलते गांव के ही विजय कुमार, राजू, सतीश कुमार, बालक राम और सतपाल सिंह ने मिलकर पहले तो करीब 500 पेड़ों को जड़ से उखाड़ फेंका, इसके बाद भी जब उनका मन नहीं भरा, तो आरोपियों ने अपने दो ट्रैक्टरों से करीब 6 कनाल भूमि को जोत दिया, इससे वहां लगे बाकी 500 पेड़ भी पूरी तरह नष्ट हो गए। इस मामले में पंचायत ने पुलिस से आरोपियों के ट्रैक्टरों को तुरंत जब्त करने और पंचायत को हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। मामले में मुख्य सिपाही सुरेश कुमार और सिपाही सचिन कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का मुआयना किया और खेतों में रौंदे गए पौधों के साक्ष्य जुटाए। मामले की स्पेशल रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें कार्रवाई कर रही हैं।

# मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर वीरवार को भी खंड विकास एंव पंचायत कार्यालय प्रांगण में हड़ताल जारी रखी। कर्मचारियों का कहना था कि अगर सरकार हमारी मांगें पूरी नही करती तो संघर्ष को ओर तेज करने से भी गुरेज नही करेंगे। सफाई कर्मचारी नेताओं ने कहा कि शहरी और ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि पॉलिसी बनाकर सफाई कर्मचारियों को सरकार पक्का करे, 31 दिसंबर 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश को लागू किया जाए, 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की भर्ती , मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26000 और 27000 रूपये वेतन लागू करने, एक्सग्रेसिया नीति बनाने तथा कर्मचारी की मृत्यु होने पर 50 लाख मुआवजा देने की मांग आदि को लेकर सफाई कर्मचारी लगातार आंदोलन करते आ रहे हैं लेकिन सरकार सफाई कर्मियों की आवाज को अनसुना कर रही है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि ये सरकार कितना दलित हितैषी है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता कि मार्च 2024 के बजट सत्र में निवर्तमान मुख्यमंत्री ने 1000 की आबादी पर एक ग्रामीण सफाई कर्मचारी की भर्ती करने की घोषणा की थी, जिसको आज तक लागू नहीं किया और 9700 पद ग्रामीण सफाई कर्मियों के खाली पड़े हैं।


शहजादपुर। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।

### मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन होगा तेज

24 नवंबर 2024 को मुख्यमंत्री ने 26000 हजार वेतन की घोषणा की, उसके बाद 11 जून 2025 को 2100 रुपए बढ़ौतरी की घोषणा की जो आज तक लागू नहीं किया गया। न ही 8 दिसंबर की वार्ता के मुताबिक पक्का करने की पॉलिसी बनाने का वायदा भी आज तक पूरा नहीं किया। संगठन के नेता ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद पिछले 12 साल में एक भी सफाई कर्मचारी और सिवरमैन की स्थाई भर्ती नहीं की और न ही एक भी कच्चे सफाई कर्मचारी को पक्का किया । सरकार को चेतावनी देते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने कहा कि सरकार ने समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया तो ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रदेश भर में आंदोलन को तेज करेंगें।

# हादसे में युवक की जान गई पुलिस ने दर्ज किया केस

**अंबाला।** नेशनल हाईवे-44 पर शाहपुर पुल के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। कुरुक्षेत्र के शाहबाद वासी सुखदेव सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा बेटा विक्रम पाल जो कि ट्रक ड्राइवर का काम करता था, शाम को किसी काम से अंबाला कैंट आया था। जब वह शाहपुर पुल के पास एल-1 के सामने पहुंचा, तो एक लापरवाह वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। राहगीर उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने मोर्चरी में शव की शिनाख्त कराई। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**जनता पूछ रही : समाधान शिविर के दिन ही क्यों होती समस्या हल, बाकी दिनों में क्यों नहीं**

# समाधान शिविर सिस्टम की नाकामी छुपाने का नया तरीका तो नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने समाधान शिविर में अधिकारियों को जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। लापरवाही न बरतने की चेतावनी भी दी। शिविर में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली-पानी और पेंशन जैसी समस्याओं के समाधान के दावे किए गए। लेकिन असली सवाल यह है कि अगर सरकारी सिस्टम सही तरीके से काम कर रहा है तो फिर जनता को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए "समाधान शिविर" में लाइनें लगाने की नौबत ही क्यों आ रही है?




### चक्कर काटने को मजबूर है जनता

हकीकत तो यह है कि आम आदमी महीनों सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटता रहता है। कोई पीपीपी आईडी ठीक करवाने के लिए परेशान है, कोई राशन कार्ड के लिए धक्के खा रहा है, तो किसी की पेंशन फाइल टेबलों में दबकर रह जाती है। दफ्तरों में सुनवाई नहीं होती, लेकिन जैसे ही "समाधान शिविर" लगता है, वही काम घंटों में होने लगते हैं। जनता पूछ रही है कि आखिर ऐसा कौन-सा जादू शिविर वाले दिन होता है जो बाकी दिनों में गायब रहता है? क्या आम दिनों में अधिकारी जनता की समस्याओं को जानबूझकर टालते हैं और फिर शिविर लगाकर अपनी पीठ थपथपाते हैं? सबसे बड़ा सच यह है कि आज सरकारी योजनाओं से ज्यादा लोग सरकारी कागजों से परेशान हैं। परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड जैसी योजनाएं सुविधा कम और सिरदर्द ज्यादा बन चुकी हैं। छोटे-छोटे सुधारों के लिए लोगों को कई-कई बार कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर सरकार सच में जनता को राहत देना चाहती है तो "शिविर" लगाने से पहले सरकारी दफ्तरों की कार्यप्रणाली सुधारनी होगी। क्योंकि जनता को समस्या का स्थायी समाधान चाहिए, न कि महीने में दो दिन दिखावटी सुनवाई। अब सवाल यही है कि क्या समाधान शिविर वास्तव में जनता की मदद के लिए हैं, या फिर उस सिस्टम की नाकामी छुपाने के लिए, जो सामान्य दिनों में आम आदमी की सुनने को तैयार ही नहीं होता?